जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रेषक :
सम्बद्धता विभाग,
जीवाजी. विश्वविद्यालय
ग्वालियर

ग्राम : यूनिवर्सिटी
दूरभाष : (0751-244228 (कार्यालय)
ई-मेल : E-mail : jiwajidcdc@gmail.com

क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2025/ 63 दिनांक : 28.03.25

प्रति,

अध्यक्ष/सचिव/प्राचार्य (स्मरण पत्र)
समस्त शासकीय एव अशासकीय महाविद्यालय
सम्बद्ध जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर

विषयः- सत्र 2025-26 में सामान्य पाठ्यक्रमों के महाविद्यालयों की सम्बद्धता शुल्क, निरीक्षण शुल्क एवं निरीक्षण आवेदन जमा करने के सम्बन्ध में।

संदर्भः- कार्यालयीन पत्र क्रमांक 47 दिनांक 20.03.2025 ।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयांतर्गत एवं संदर्भित पत्र के द्वारा सत्र 2025-26 की समान्य महाविद्यालयों की सम्बद्धता/निरंतरता हेतु सम्बद्धता शुल्क, निरीक्षण शुल्क एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से जमा कराने हेतु सूचित किया गया था। किंतु एम0पी0 ऑनलाइन की तकनीकी समस्या के कारण महाविद्यालयों द्वारा आवेदन नहीं किये जा सके है।

अतः उक्त संबध में समस्त समान्य पाठ्यक्रमों के महाविद्यालयों के अध्यक्ष/सचिव/प्राचार्य को स्मरण पत्र द्वारा सूचित किया जाता है कि, **सत्र 2025-26 की अस्थायी सम्बद्धता हेतु सम्बद्धता एवं निरीक्षण शुल्क एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से दिनांक 11 अप्रैल 2025 तक भरकर हार्ड कॉपी अनिवार्य रूप से सम्बद्धता विभाग में जमा करें।**

निरीक्षण आवेदन जमा न करने की स्थिति में महाविद्यालय का निरीक्षण कराया जाना संभव नहीं होगा एवं महाविद्यालय को सत्र 2025-26 की सम्बद्धता प्रदान नहीं किये जाने की स्थिति में महाविद्यालय प्रबंधन स्वयं जिम्मेदार होगें।

नोटः-

1. **निर्धारित तिथि के तीन कार्य दिवस उपरांत तक आवेदन परिनियम 27 की कंडिका 13 (3) (II) के अनुसार 25% विलम्ब शुल्क के साथ स्वीकार किया जावेगा।**
2. **एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से निरीक्षण आवेदन भरने सम्बधित जानकारी हेतु प्रभारी, एम.पी. ऑनलाईन, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर से सम्पर्क किया जाना सुनिश्चित करें।**

28/03/25
कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुडा भवन, भोपाल, म.प्र.।
2. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, ग्वालियर-चम्बल संभाग, कस्तूरबा चौराहा कम्पू, लश्कर ग्वालियर।
3. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. प्रभारी, आई. टी. सेल. जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचना पटल पर चस्पा करने हेतु।

निदेशक,
महाविद्यालयीन विकास परिषद्

Disk:E-Tarun Shrivastava/All Letter's 2025-26/D.C.D.C./J.U